पंजाब केसरी
THU,04 JUNE 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5


# मैट्रिक व 12वीं की सप्लीमैंट्री परीक्षाओं के आवेदन की तिथि बढ़ी

## अब 5 जून तक करें अप्लाई, लेट फीस सहित 10 जून तक खुलेगा पोर्टल

धर्मशाला, 3 जून (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जून और जुलाई में आयोजित होने वाली मैट्रिक और जमा-2 की सप्लीमैंट्री, कंपार्टमैंट, सुधार तथा अतिरिक्त विषय की परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीखें बढ़ा दी गई हैं।

बोर्ड द्वारा जारी नए शैड्यूल के अनुसार छात्र बिना किसी लेट फीस के 5 जून 2026 तक ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। यदि कोई छात्र इस तारीख तक आवेदन नहीं कर पाता है तो उसे 10 जून तक 1,000 रुपए लेट फीस के साथ आवेदन करने का आखिरी मौका दिया जाएगा।

सभी पात्र विद्यार्थियों को अपने फॉर्म केवल अपने संबंधित स्कूलों या संस्थानों के माध्यम से ही ऑनलाइन जमा करवाने होंगे। बोर्ड ने साफ किया है कि परीक्षा शुल्क और पात्रता की बाकी सभी शर्तें पहले की तरह ही रहेंगी और इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।



“**जून-जुलाई** में होने वाली मैट्रिक और जमा-2 की परीक्षाओं के लिए छात्र बिना विलंब शुल्क के 5 जून तक और 1,000 रुपए लेट फीस के साथ 10 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सभी आवेदन केवल स्कूलों के माध्यम से ही स्वीकार होंगे, इसलिए अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय पर प्रक्रिया पूरी कर लें।

– डा. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड।

Divya Himachal 04-06-2026

# पूरक और सुधार परीक्षा के लिए आवेदन का अंतिम मौका



- पांच जून तक बिना विलंब शुल्क करें अप्लाई, तय तिथि के बाद लगेगी लेट फीस

सिटी रिपोर्टर- धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जून/जुलाई-2026 में आयोजित होने वाली मैट्रिक और जमा दो की सप्लीमेंट्री, कंपार्टमेंट तथा सुधार परीक्षाओं के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को अंतिम तिथि से पहले आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी है। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि पात्र विद्यार्थियों और संबंधित विद्यालयों के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की विस्तारित तिथियां निर्धारित की गई हैं। स्कूल शिक्षा बोर्ड के अनुसार इन श्रेणियों के विद्यार्थी कल पांच जून 2026 तक बिना किसी विलंब शुल्क के आवेदन जमा कर सकते हैं। इसके बाद दस जून 2026 तक एक हजार रुपये विलंब शुल्क के साथ आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। साथ ही डा. शर्मा ने स्पष्ट किया कि सभी आवेदन केवल संबंधित विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों के माध्यम से ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। परीक्षा शुल्क, पात्रता शर्तों और अन्य नियमों में कोई बदलाव नहीं किया गया है तथा वे पूर्व में जारी अधिसूचना के अनुसार ही लागू रहेंगे।

# जेबीटी एवं टीजीटी टेट जून-2026 के लिए 32,531 आवेदन स्वीकार, अपूर्ण आवेदन निरस्त

**जागो ! धर्मशाला/ राकेश कुमार**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE), धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बोर्ड द्वारा जून-2026 में आयोजित की जाने वाली विभिन्न अध्यापक पात्रता परीक्षाओ (TET) हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया दिनांक 30.04.2026 से 18.05.2026 तक संचालित की गई थी।उन्होंने बताया कि उक्त परीक्षाओं के लिए कुल 33,971 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 32,531 आवेदन पत्र सही पाए गए हैं। विषयवार प्राप्त वैध आवेदनों में स्पेशल एजुकेटर टेट (प्री-प्राइमरी से कक्षा-V) के लिए 407, स्पेशल एजुकेटर टेट (कक्षा VI से XII) के लिए 128, टीजीटी (आर्ट्स) टेट के लिए 10,515, टीजीटी (मेडिकल) टेट के लिए 3,318, जेबीटी टेट के लिए 8,925, टीजीटी (संस्कृत) टेट के लिए 1,394, पंजाबी टेट के लिए 89, उर्दू टेट के लिए 7, टीजीटी (नॉन-मेडिकल) टेट के लिए 5,517 तथा टीजीटी (हिंदी) टेट के लिए 2,231 आवेदन स्वीकार किए गए हैं।डॉ. शर्मा ने बताया कि 1,440 अभ्यर्थियों द्वारा अपने आवेदन पत्रों के साथ निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा नहीं करवाया गया। निर्धारित अंतिम तिथि 18.05.2026 तक शुल्क जमा न करने के कारण ऐसे सभी आवेदन पत्र निरस्त कर दिए गए हैं। निरस्त किए गए आवेदनों की सूची बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट [www.hpbose.org] पर उपलब्ध करवा दी गई है।उन्होंने कहा कि जिन अभ्यर्थियों ने निर्धारित तिथि के भीतर शुल्क जमा करवाया है, किंतु किसी कारणवश उनका आवेदन निरस्त हो गया है, वे अपने आवेदन संख्या (Application Number), रिजेक्शन सूची में अंकित क्रम संख्या तथा शुल्क जमा करने से संबंधित दस्तावेज बोर्ड कार्यालय में दिनांक 05.06.2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के उपरांत किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।बोर्ड अध्यक्ष ने अभ्यर्थियों से आग्रह किया है कि वे अपने आवेदन की स्थिति बोर्ड की वेबसाइट पर अवश्य जांच लें तथा किसी भी प्रकार




राजेश शर्मा

की जानकारी के लिए बोर्ड कार्यालय के दूरभाष नंबर 01892-242192 पर संपर्क कर सकते हैं। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE) द्वारा जून-2026 की अध्यापक पात्रता परीक्षा (TET) को लेकर जारी यह नवीनतम आंकड़ा राज्य में शिक्षक बनने की चाह रखने वाले युवाओं के बीच जारी कड़ी प्रतिस्पर्धा और उत्साह को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। कुल प्राप्त आवेदनों में से 32,531 फॉर्मों का सही पाया जाना और सबसे अधिक टीजीटी आर्ट्स (10,515) व जेबीटी (8,925) में अभ्यर्थियों की भारी तादाद यह बताती है कि युवा वर्ग आज भी सरकारी शिक्षण सेवाओ को करियर के रूप में प्राथमिकता दे रहा है। हालांकि, परीक्षा शुल्क जमा न करने के चलते 1,440 उम्मीदवारों के आवेदनों का निरस्त होना एक गंभीर प्रशासनिक लापरवाही की ओर इशारा करता है, जो अक्सर तकनीकी खामियों या अंतिम समय की जल्दबाजी के कारण देखने को मिलती है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा द्वारा प्रभावित अभ्यर्थियों को 5 जून 2026 तक आवश्यक दस्तावेज जमा कराकर त्रुटि सुधार का जो अंतिम मौका दिया गया है, वह परीक्षार्थियों के हित में एक बेहद सराहनीय और राहत देने वाला कदम है। इस निर्धारित समयावधि के बाद किसी भी दावे को स्वीकार न करने की बोर्ड की सख्त चेतावनी यह साफ करती है कि प्रशासन अब परीक्षा के निष्पक्ष और समयबद्ध आयोजन को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है। आगामी दिनों में होने वाली इस टेट परीक्षा की शुचिता बनाए रखना बोर्ड के लिए एक बड़ी चुनौती होगी।

The Sunny Times

# HPBOSE COMPARTMENT EXAM DEADLINE CLOSES JUNE 5, LATE FEE EXTENDS TO JUNE 10

*Sunny Mahajan | Dharamshala*



The clock is ticking loud and clear for Himachal Pradesh School Education Board (HPBOSE) students looking for a second shot at their Matric and Senior Secondary exams. Board Chairman Dr. Rajesh Sharma has issued a sharp reminder to students and schools, urging them not to wait until the absolute last minute to submit their online applications for the upcoming June/July 2026 supplementary, compartment, and improvement exams. Leaving things to the final hour risks website crashes and unnecessary panic.

According to the official board schedule, the window to apply without any financial penalty slams shut on June 5, 2026. This deadline applies to all regular and special categories, including students clearing compartment backlogs, those attempting performance improvements, diploma holders reappearing for exams, and candidates taking additional subjects. If you miss this first cutoff, procrastination will cost you dearly, as a hefty late fee of ₹1,000 will be slapped on all applications submitted between June 6 and June 10, 2026.

Students must also remember that they cannot apply directly on their own. The board has strictly mandated that all applications must be routed and submitted online exclusively through their respective schools and institutions. While the exam fees, eligibility criteria, and overall rules remain completely unchanged from the previous notification, the timeline is rigid. Dr. Sharma emphasized that schools must wrap up the process immediately to avoid any technical glitches or administrative hurdles, as the board has no plans to extend the dates further.